## खबर संक्षेप

### पत्रकार परिषद का शपथ ग्रहण एवं सम्मेलन आज

**मण्डला।** आज राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन जबलपुर स्थित आईएमए हॉल चंचला बाई कॉलेज के पीछे रानीताल पेट्रोल पम्प के पास आयोजित किया गया है। जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि पत्रकार और पत्रकारिता के हितों के लिए सदैव संघर्षरत रहने वाले क्रियाशील राष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त संगठन राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश के प्रमुख एवं राष्ट्रीय पदाधिकारीयों का शपथ समारोह का गरिमामई आयोजन 1 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आतिथ्य, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह सहित सभी विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के विशिष्ट आतिथ्य तथा राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई, राष्ट्रीय महासचिव रजत गुप्ता, राष्ट्रीय प्रवक्ता गंगा चरण मिश्रा सहित संस्कारधानी के सामाजिक साहित्यिक सांस्कृतिक धार्मिक संगठनों के प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति में उक्त शपथ समारोह संपन्न होगा। इस शपथ समारोह में राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी, हेमराज कन्नौजिया राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य, प्रदेश अध्यक्ष मयंक तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति विलोक पाठक, प्रदेश महासचिव राजेश दुबे,संदीप मिश्रा डिंडोरी,प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव उपध्याय, राजकुमार गुप्ता भोपाल, सुनील साहू जबलपुर, एसपी गोस्वामी जबलपुर, नीतू शाह,प्रदेश सचिव हरप्रीत कौर भोपाल, प्रियंका जैन देशपांडे इंदौर,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरभि तिवारी, महासचिव सिमरन सिंह,साहित्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपम बाजपेयी शर्मा धर्म व संस्कृति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रमेश पाठक,महासचिव वीडी सोनी गोटेगांव, पत्रकार गृह निर्माण प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश कामले,पत्रकार परिवार प्रकोष्ठ अध्यक्ष उत्पल कांत शर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष,समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजहर खान, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष एवं नरसिंहपुर, मण्डला, कटनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, डिंडोरी जिलों के अध्यक्ष भी शपथ लेंगे। शपथ समारोह का भव्य आयोजन अनुशासन एवं सादगी के साथ संपन्न होगा।

### वार्षिक निरीक्षण के दौरान दिये गये महत्वपूर्ण निर्देश

# पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा किया गया निरीक्षण





*** डॉग हैंडलर द्वारा कराई गयी ड्रिल का भी लिया जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रतिवर्ष पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ जिलों का भ्रमण कर वार्षिक निरीक्षण किया जाता है जिसके तारतम्य में दिनांक 29 एवं 30/11/2024 को वार्षिक निरीक्षण पुलिस उप महानिरीक्षक, बालाघाट रेंज बालाघाट मुकेश कुमार श्रीवास्तव (भापुसे) द्वारा किया गया।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया व अपराधों की समीक्षा कर, कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारियों के संधारण पंजियों की जांच कर उनसे अपने कर्तव्यों से जुड़े प्रश्न किये गये जिनके संतोषजनक उत्तर मिलने पर प्रोत्साहित करते हुये अपनी सर्वोच्च कार्यकुशलता का परिचय देकर निष्ठा से कार्य करने हेतु उचित दिशानिर्देश भी दिये गये। कार्यालय के निरीक्षण के पश्चात लाईन परिसर, पुलिस वेलफेयर कैंटीन, ड्रोन संचालन एवं पुलिस लाईन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर जिला के अलग-अलग थानों में पहुँचकर थाना का निरीक्षण कर अपराध निकाल, थाना एवं परिसर की साफ सफाई, रिकार्ड के संधारण व व्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड पर परेड का निरीक्षण व क्राईम सीन में सर्च करने वाले डॉग की डॉग हैंडलर द्वारा कराई गयी ड्रिल का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाईन परिसर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी हेतु पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्या व सुझावों को सुना गया व समस्याओं के त्वरित निराकरण करते हुए संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया। साथ ही उप महानिरीक्षक द्वारा स्वस्थ दिनचर्या, विभिन्न सायबर अपराधों के प्रति स्वयं व जनसामान्य में जागरूकता एवं पुलिस की समाज में उत्कृष्ट छबि हेतु प्रोत्साहित किया गया। डीआईजी ने पुलिसकर्मियों से नए कानूनों की जानकारी रखने और डिजिटल अरेस्ट के मामलों में सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आम जनता को भी इस विषय में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस लाईन स्थित सभागार भवन में समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों के साथ पुलिस बैठक आयोजित की गई जहां पर सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया जाकर शीघ्रता से अपराधों/शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र मण्डला के पुलिस परेड ग्राउण्ड पर जिले के पुलिस बल द्वारा की गई उन्नत परेड एवं पुलिस बैण्ड द्वारा दी गई प्रस्तुति की प्रशंसा की गई। वाहनों के निरीक्षण के दौरान समस्त चालकों को उनके द्वारा किये जा रहे वाहनों के उचित रखरखाव हेतु प्रशंसा करते हुए उचित इनाम दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी कार्यालय, थाना बिछिया, थाना कोतवाली आदि का भी भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इसी प्रकार रक्षित केन्द्र मण्डला में संचालित दिशा-लर्निंग सेंटर का निरीक्षण किया एवं अध्ययनरत प्रतिभागियों से परीक्षा की तैयारी में सहायक लर्निंग सेंटर की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी।

वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अमित वर्मा, सभी अनुविभाग के पुलिस अधिकारी, समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, सूबेदार एवं थानों से आए पुलिस बल सहित पुलिस लाईन व कार्यालय का बल मौजूद रहा।

## जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अधिकारी और पत्रकारों ने स्टेडियम में की साफ-सफाई



*** समतलीकरण के लिये किया गया श्रमदान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मण्डला शहर को साफ व स्वच्छ रखने के लिए नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत शनिवार को सुबह महात्मा गांधी स्टेडियम नगरपालिका मण्डला में साफ सफाई कर श्रमदान किया। जिला प्रशासन के द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान में जिले के सभी अधिकारी कर्मचारी, समाजसेवी व्यापारी स्वयंसेवी संस्थाएं जनप्रतिनिधि, पत्रकार और नागरिकगण शामिल हुए। सभी ने स्टेडियम में श्रमदान करते हुए कूड़ा करकट उठाए और साफ सफाई की। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को विभागीय अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों और नागरिकों के साथ मिलकर मंडला शहर के प्रमुख स्थानों और नर्मदा नदी के घाटों की साफ सफाई कर रहे हैं। इस दौरान कचरा एकत्रित कर कचरे को अन्यत्र ले जाकर नष्ट किया जाता है। लोगों को समझाइश दी जाती है कि अपने शहर और नर्मदा नदी के तटों को साफ सुथरा रखें। किसी भी प्रकार की गंदगी न करें। इस अवसर पर नगर पालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम घुघरी श्री सीएल वर्मा, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पत्रकारों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी स्टेडियम की साफ सफाई की। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि आज स्टेडियम की साफ-सफाई की जा रही है। मैदान का समतलीकरण किया जा रहा है, जिससे खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सके। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि शहर में स्वच्छता बनाए रखें। अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें। किसी भी प्रकार का कचरा या कूड़ा-करकट इधर-उधर न फेकें। कूड़ा-कचरा हमेशा डस्टबिन या कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को भी सभी नागरिक मिलकर स्वच्छ रखें। स्टेडियम में किसी भी प्रकार का कचरा न फैलाएं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने नर्मदा नदी की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए कहा कि कोई भी नागरिक या श्रद्धालु नर्मदा नदी में दूषित सामाग्री न डालें। नर्मदा नदी में गंदे कपड़े न धोएं। साबुन लगाकर न नहाएं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि नर्मदा नदी के तटों को भी हमेशा साफ सुथरा रखें।

# ग्राम सिलपुरा में हाट-बाजार की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 29 नंवबर 2024 को ग्राम सिलपुरा में साप्ताहिक हाट-बाजार का उद्घाटन भव्य रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष मण्डला श्री सोनू भलावी जी, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती जमना पन्द्रे, ग्राम पंचायत सिलपुरा, घाघा, मालिमोहगांव, अहमदपुर, के सरपंच गण, पंचगण, ग्राम के मुकद्दम, समुदाय के मुखिया, एफइएस संस्था के स्वप्निल जी और साथी आदि ने हाट-बाजार, के शुरुआत की सराहना किये। जनपद अध्यक्ष द्वारा हाट-बाजार के उद्घाटन अवसर पर सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दिए। और हाट-बाजार में पहला ही दिन बहुत व्यवसायी बंधु अपनी दुकानें लेकर आये और एक सफल हाट-बाजार की शुरुआत किया गया। ग्राम के छोटे धारक किसान अपने अपने घरों में उत्पादित सब्जियां, अनाज बाजार में दुकानें लगाकर बिक्री किये। कार्यक्रम में जेडीएसएसएस अंतर्गत साफबिन परियोजना का धन्यवाद किया गया।

# अंजनिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे व्यक्ति को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया



वरिष्ट अधिकारियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ में संलिप्त व्यक्तियों को पकडकर उचित कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त है जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक मण्डला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मण्डला, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग नैनपुर, के आदेशानुसार अंजनिया पुलिस स्टाफ द्वारा दिनाँक 29/11/2024 को ग्राम अंजनिया नेशनल हाईवे 30 महिष्मति ढाबा के पास मांद-अहमदपुर चौराहे में वाहनो की चैकिंग व मोटर व्हीकल एक्ट की चालानी कार्यवाही की जा रही थी उसी दौरान ग्राम अहमद्पुर-वंजी की ओर से एक व्यक्ति अंजनिया की ओर पैदल-पैदल हाथ में थैला लिये आता दिखा पुलिस को देखकर थैला छुपाने का प्रयास किया। उक्त व्यक्ति को समक्ष गवाहान चैक करने पर थैला में मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसका तौल कराने पर 01 किलो 473 ग्राम गांजा कीमती 15000/-रू. पाया गया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम खेमराज भांवरे पिता राजकुमार भांवरे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम करियागांव चौंकी अंजनिया थाना बम्हनी का होना बताया। आरोपी द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा कब्जे में रखा पाये जाने पर समक्ष गवाहान जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाना है। आरोपी के विरूद्ध नपराध क्रमांक-564/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप पाण्डेय थाना बम्हनी के निर्देशन पर चाँकी प्रभारी अंजनिया उनि. लाखन सिंह राजपूत, सउनि. अशोक चौधरी, आर. कीर्ति कुमार, विलेन्द्र नायक, सुनील सिंह, अंचल बघेल द्वारा की गई है।

**कार्यशाला** | पारदर्शी सक्रिय मजबूत निर्विरोध मण्डल का गठन हम सबकी जिम्मेदारी-प्रज्ञा त्रिपाठी।

# संगठन चुनाव की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

*** भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




संगठन पर्व के तहत संगठन चुनाव की जिलास्तरीय कार्यशाला में जिला चुनाव अधिकारी श्रीमति प्रज्ञा त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तनमयता के साथ बूथ के चुनाव जिले में संपन्न हुए हैं भारतीय जनता पार्टी की परंपरा और सिद्वांतों के कारण हम अन्य दलों से अलग अपनी पहचान बनाकर देश के सबसे बड़े राजैनतिक दल के रूप में अपना स्थान बनायें हैं संगठनात्मक कार्यों में प्रदेश में मण्डला का नाम हमेशा टॉप पर आता है इसके पीछे कार्यकर्ताओं की मेहनत उनकी बेहतर क्षमता और टीम का समर्पण होता है संगठन के आने वाले चुनाव में समय देने वाले कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन किया जायेगा साथ ही मण्डल का चुनाव परिवार भाव के साथ आम सहमति व समन्वय के साथ किया जायेगा। उक्त आशय के उदगार संगठन चुनाव प्रभारी श्रीमति प्रज्ञा त्रिपाठी ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किया उन्होंने कहा पारदर्शी सक्रिय मजबूत निर्विरोध मण्डल का गठन हम सबकी जिम्मेदारी है मण्डल के अध्यक्षों का निर्वाचन क्षेत्र व जातिगत वर्गीकरण के साथ किसी भी प्रकार का आरोप मुक्त कार्यकर्ता होना आवश्यक है पिछले कार्यकाल में क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं के कार्यों की रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा भी होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव के माध्यम से सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी एवं सर्व समावेशी बनाने का कार्य करते हैं। बूथ अध्यक्षों को पार्टी के द्वारा नयी जिम्मेदारी सौंपी जाएंगी ताकि बूथ पर मजबूती के साथ कार्य हो सके उन्होंने कहा कि मण्डल अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 35 से 45 वर्ष की आयु निर्धारित की गयी हैं वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 45 से 60 वर्ष की आयु रहेगी साथ ही संगठन में पदाधिकारी के रूप में पिछले 5 वर्षों में किये गये कार्यों का मूल्यांकन भी किया जायेगा ।



**भारतीय जनता पार्टी रीति नीति और सिद्वांतों की पार्टी है-भीष्म द्विवेदी**

भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के सामने मण्डला जिले के संगठन में कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ता के सर्मपण के सामने सम्मान बढ़ा है। अब नई टीम का चयन पुरानी टीम को तैयार करके देना है ताकि भारतीय जनता पार्टी का संगठन निरंतर प्रगति की ओर बढ़े क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक लोकतंत्र हमें यह सिखाता है कि निरंतर वरिष्ठों का मार्गदर्शन लेकर नये कार्यकर्ताओं को गढ़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी 17 मंडलों में समन्वय के साथ हम नयी टीम का गठन करेंगे। जिले में अब 2 नये मण्डलों का भी गठन किया जा रहा है जिसमें मण्डला ग्रामीण का विभाजन कर पदमी मण्डल और घुघरी मंडल का विभाजन कर सलवाह मण्डल का गठन किया गया है। नैनपुर ग्रामीण एवं चिरईडोंगरी मंडल के कुछ शक्ति केंद्रों को नैनपुर नगर एवं बम्हनी नगर में समायोजित किया गया है। जिलाध्यक्ष श्री द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रीति नीति और सिद्वांतों की पार्टी है पार्टी का कार्यकर्ता अपने आप में अद्भुत और अद्वितीय है। विषम परिस्थितियों में भी संगठन के विस्तार में अपना निरंतर योगदान देकर संगठन को आगे बढ़ाने में कार्य कर रहे हैं आगामी संगठन चुनाव शानदार और एकमत के साथ संपन्न हो ऐसी वो अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, रामप्यारे कुलस्ते, चुनाव सहप्रभारी उमेश ठाकुर, प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रतन ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, महामंत्री भगवती श्रीधर, नीरज मरकाम सहित नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, मीना हरदहा, जनपद अध्यक्ष ओमवती उइके, मनीषा मरकाम, आशाराम भारतीया सहित जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मंडल संगठन पर्व सहयोगी उपस्थित थे।

# दिव्यांग समर्थ प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र मंडला अरविंद विश्वकर्मा जिला परियोजना समन्वयक एवं के के उपाध्याय निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में दिव्यांग समर्थ प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड निवास में किया गया कक्षा 1 से 12 तक अध्यनरत दिव्यांग बच्चों की चित्रकला रंगोली मेहंदी कुर्सी दौड़ जलेबी दौड़ 100 मीटर दौड़ के साथ-साथ सांस्कृतिक विकासखड स्तरीय प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों का आयोजन एकीकृत कन्या माध्यमिक शाला प्रांगण निवास में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ तहसील लाल श्री शंकर लाल मरावी जी के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम कन्या माध्यमिक शाला की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत नृत्य कर अतिथियों और दिव्यांग छात्राओं का स्वागत किया गया स्वागत समारोह में मनचासीन तहसीलदार विकासखंड शिक्षा अधिकारी /विकास खंड स्त्रोत समन्वय सुनील कुमार दुबे अनिल मिश्रा एवं महेश गोलिया आदि का स्वागत पुष्प हर के द्वारा किया गया दिव्यांग बच्चों के द्वारा बहुत ही मनमोहक रंगोली और चित्रकला का प्रदर्शन किया गया साथ ही दिव्यांग छात्र ओम सोनी गौरी मार्को के द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई कन्या माध्यमिक शाला में दर्ज दिव्यांग छात्राओं के द्वारा मनमोहन सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया वहीं जलेबी दौड़ कुर्सी दौड़ और 100 मीटर दौड़ में भी दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सभी छात्र-छात्राओं को जिला परियोजना समन्वयक अरविंद विश्वकर्मा जिला की बीएल यादव उप यंत्री श्रीमती सरिता झारिया प्रधानाध्यापक अनिल मिश्रा योगेश झारिया एवं श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा कन्या माध्यमिक शाला की प्रधानाध्यापक सुश्री सुधा भारती अनुरागी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन गणेश सिंगरौरे माध्यमिक शिक्षक के द्वारा किया गया आज के कार्यक्रम में सभी जन शिक्षकों सभी शिक्षकों और दिव्यांग छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भी सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम की सफल संचालन में जन शिक्षक तारेंद्र मोहन उपाध्याय सुरेश मढेले दर्शन भारतीय राघवेंद्र तिवारी संतोष बर्मन सेवाराम उटीए टेकलाल सिंगरौरे कोमल वरकड़ साथ-साथ सभी संस्था प्रधानों एवं शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

## खबर संक्षेप

### व्यवसायिक ट्रेड के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज/चीचली। स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड के विद्यार्थियों ने लोक शिक्षण संचनालय समग्र शिक्षा नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत टू ट्वेन्टी केवी पावर स्टेशन खैरी का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों को पावर स्टेशन में उपलब्ध विद्युत उपकरण, विद्युत संयंत्र, बैटरी रूम, कंट्रोल रूम, चार्ज रूम, प्रत्यावर्ती एवं दिष्ट धारा, मोटर डायनेमो, विभिन्न प्रकार के कंट्रोल पैनल, मोटर स्टार्टर, ग्रामवार विद्युत लोड इत्यादि विद्युत ट्रेड से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। पावर स्टेशन में पदस्थ प्रभारी इंजीनियर हेमंत मालवीय तथा उनके स्टाफ द्वारा उपस्थित समस्त व्यावसायिक छात्रों को केंद्र में संबंधित समस्त जानकारी, कार्यशाला परिसर का भ्रमण, छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान, भविष्य में इन की उपयोगिता, साथ ही ऑन द जॉब ट्रेनिंग संबंधित व्याख्यान दिया गया। उनके द्वारा विद्युत संयंत्रों, विभिन्न मशीनों का निर्माण एवं उनकी कार्य विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण में व्यवसायिक शिक्षक सरफराज मोहम्मद एवं दिनेश गर्ग के साथ विद्यालय की शिक्षिका शिखा श्रीवास्तव एवम सत्यम ताम्रकार ने सहयोग प्रदान किया। यह औद्योगिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के प्राचार्य भूपेश ठाकुर एवं व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### एनटीपीसी द्वारा ग्राम मेहराखेड़ा में आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम गांगई के पास स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट द्वारा प्रभावित ग्रामों के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिये आये दिन अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। वही दूसरी ओर लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिये शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। इसी के चलते एनटीपीसी गाडरवारा के तत्वावधान में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) तथा जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित मेहराखेड़ा गांव के सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में मेहराखेड़ा गांव के लगभग 100 से अधिक बच्चे, पुरुष, महिलाएं तथा बुजुर्गों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर मरीजों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई।

### विकास खंड चीचली एवं सांईखेड़ा में मप्र जनअभियान परिषद बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकास खंड चीचली एवं सांईखेड़ा की नवांकुर संस्थाओं एवं पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस बैठक में प्रस्फुटन समितियों के कार्यों, जल संरक्षण व संवर्धन के तहत बोरी बंधान, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, जैविक कृषि को बढ़ावा देने, सेक्टर स्तर पर पौध नर्सरी की स्थापना करने की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वही विकासखंड चीचली के ग्राम डोंगरगांव, उकासघाट, गांगई, बांसुरिया व सीरेगांव तथा विकासखंड तूमड़ा, थरेहरी, पिटरास, धनोरा एवं बंधा में नर्सरी निर्माण की योजना बनाई गई। बैठक में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत कक्षा संचालन, बीएसडब्ल्यू द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा एमएसडब्ल्यू उत्तरार्द्ध के प्रवेश व शुल्क की समीक्षा के दौरान सभी को शुल्क जमा व प्रवेश की सतत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा, विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे व श्री राममोहन रघुवंशी, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि आदि मौजूद थें।

# शहर की सड़कों पर फिर दिखाई देने लगी मजनुओं की भीड़, पुलिस की दहशत कमजोर होने से छात्रायें दहशत के बीच पहुंच रही स्कूल, एन्टी रोमियों मुहिम शुरू करने की उठाई जा रही मांग





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

महिलाओं व छात्राओं के साथ लगातार घटित हो रही अपराधिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुये प्रदेश शासन द्वारा बीते हुये वर्ष पहले मनमानी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिये सख्त आदेश जारी किये गये थें। इसी के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा आवारा गर्दी करने वालों के खिलाफ लगातार मुहिम चलाते हुये सड़क छाप मंजनुओं के खिलाफ शुरू की गई थी इस मुहिम के चलते छात्राओं को काफी हद तक आवारा गर्दी करने वालों से निजात मिल गई थी। मगर देखा जा रहा है की सुरक्षा के जिम्मेदारों में हुये बदलाव के चलते जहां जिम्मेदार अधिकारी अपने स्वागत सत्कार में मग्न आ रहे है तो दूसरी ओर नगर की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे दिखाई देने से नही चूक पा रही है..? इसी का परिणाम है कि नगर की सड़को से लेकर छात्राओं के स्कूलों तथा कौचिंग सेन्टरों से लेकर आने जाने वाले रास्तों के पास फिर सड़क छाप मंजनुओं के जमावडे नजर आने लगे है। इस स्थिति में चलते स्कूल व कोचिंग आने जाने वाली छात्राओं को दहशत के बीच देखा जाने लगा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सुरक्षा का जिम्मा लेने वाले अधिकारियों की सोशल मीडिया से तस्वीरे वायरल होते हुये देखी जा रही है उससे तो यही जान पड़ रहा है कि कानून के रखवारे शायद अब अपराध की दुनियों से नाता रखने वालों के बीच अच्छे संबंध कहे जावे या फिर अनुभव हीनता के चलते नगर की सुरक्षा को भगवान भरोसे छोड़ने का मन बना चुके है..? क्योंकि नगर में आवारा गर्दी करने वालों के हौसले इतने बुलंद देखे जा रहे है कि स्कूली छात्र छात्राओं का सड़को से आना जाना मुश्किल जान पड़ रहा है। यह बात सत्य है कि पुलिस अधिकारियों द्वारा बीते हुये वर्ष सड़क छापा मंजनुओं के खिलाफ अपनी मुहिम चलाई गई थी उससे स्कूलों छात्राओं के साथ साथ उनके अभिभाको द्वारा भी पुलिस के प्रति अपनी खुशी जाहिर की गई थी। मगर वह मुहिम इस समय ठंडे बस्ते में दिखई देने का परिणाम है कि मनमानी करने वालों के हौसले सातवे आसमान में दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि कानून की कसावट कमजोर होने के चलते नगर में देखने मिल रहा है कि छात्राओं के स्कूल छूटने व लगने के साथ साथ कोचिंग सेन्टर के पास आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के हौसले बुलंद नजर आने लगे है? इस समय देखा जावे तो जहां वोर्ड परीक्षाओं के लिये लगभग दो माह शेष रह गये है जिसके चलते छात्र छात्राये अपने स्कूल में पढ़ाई के साथ कोचिंग सेन्टरों की ओर रूख करते हुये देखे जा रहे है। जिसके चलते सुबह 5 बजे से देर रात तक नगर में जहां तहां कोचिंग क्लाशे संचालित होते हुये देखी जा रही है। मगर नगर के स्कूलों व कोचिंग सेन्टरों में अध्ययन करने वाली छात्राओं के लिए सड़को पर घूमने वाले मनचलों द्वारा परेशान करने की घटनाओं से निजात मिलते हुए नजर नही आ रही है? इस बात को लेकर नगर की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पूर्व में पुलिस प्रशासन से मनचलों की हरकतो पर अंकुश लगाने की गुहार लगाते हुए ज्ञापन भी सौपा गया था। जिसके चलते पुलिस द्वारा कार्यवाही तो शुरू की गई थी जिसका परिणाम यह सामने आया था कि आवारा गर्दी करने वालों पर अंकुश लग गया था। मगर इस समय नगर पुलिस की अपने स्वागत सम्मान में मस्त रहने से जहां आवारा गर्दी करने वालों के दिलों में पुलिस की दहशत समाप्त होते हुये नजर आने लगी है तो दूसरी ओर मनचलों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। बताया जाता है कि नगर की शासकीय व निजी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राएॅ बाहरी दुनिया से कट अपने उज्जबल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सिर्फ किताबों में डूबने की तैयारियों में जुटी हुई देखे जा रही है। मगर वही दूसरी ओर छात्राओं के स्कूल आने जाने वाले मार्गो पर जो मंजर देखने मिल रहे है उसे देख अभिभावक जहां चिंता में डूबे हुए जान पड़ रहे है। वही हाल ही में हुये बदलाव के चलते नगर की स्थिति भी इस प्रकार से बिड़ते हुए देखी जा रही जिसके चलते यह जान पड़ रह है कि शायद नगर में आवारा गर्दी करने वालों पर पुलिस का अंकुश तो दूर उनके दिलों में पुलिस के प्रति कोई भय नही रह गया जिसका परिणाम है कि मनचलों द्वारा शालाओं के खुलने व बंद होने के समय शहर की सड़कों, गलियों के मोड़ों सहित चाय पान के टपरों सहित शिक्षण संस्थाओं के आसपास धडल्ले से जहां मटर गस्ती करते हुये मासूम छात्राओं के साथ छिटाकशी तथा अशोभनीय हरकते करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? यह बात अलग है कि इस प्रकार की घटनाओं से अपमानित होने वाली छात्राएं भय के चलते पुलिस थाने में शिकायत करने की हिम्मत नही जुटा पाती है। मगर पुलिस इस ओर गंभीरता के साथ ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि इस प्रकार से स्कूलों व कोचिंग सेन्टरों में आने जाने वाली मासूम छात्राओं के साथ मनचलें छात्राओं के साथ छिटाकशी व छेड़खानी करने से भी नही चूक रहे है जिसके चलते छात्राओं को सरेआम अपमानित होते हुए देखा जा रहा है? इस संबंध में अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त्त पर विभिन्न शालाओं में पढ़नें वाली छात्राओं ने बताया कि सजे सॅवरे मोबाईल फोनों पर अश्लील गाने सुनतें हुए ये मनचले स्कूल जा रही या शालाओं से लौट रही छात्राओं पर फिकरे कसने के साथ साथ गलत इशारे बाजी करते है और कभी कभी किसी बहाने छात्राओं को रोककर उनसे प्रणय निवेदन कर मर्यादा को तार तार करने की कोशिश करने से भी बाज नही आते है..? इतना ही अक्सर देखा जाता है कि छात्राओं के स्कूल छूटने के समय इन मनचलों द्वारा एक मोटर साईकिल पर दो दो तीन तीन लोग बैठकर इस गति से दौड़ते हुए उनके कर्कस हार्न बजाकर छात्राओं को परेशान करते हुए आसानी से देखे जा सकते है। इस प्रकार शलीन व्यवहार करने से दूर रहने वाले ये मनचले मौका पाकर फिकरे कस छात्राओं की जलील करने से भी नही चूकते है? आमजन की माने तो कुछ मनचलों के मूड में रहने और उनकी शक्ल गुंडो से मिलनी जुलती होने की वजह सें मासूम छात्राएं भयभीत होकर व उनकी फिकरे बाजी खामोशी से सहते हुए अपमान का कड़वा घूट पीने मजबूर रहती है। किन्तु अब स्थिति यह है कि मनचलों की चरम पर पहुँच रही कारगुजारियों से छात्राओं का शालाओं, कोचिंग क्लासों में पढ़नंम जाना भी मुश्किल होने लगा है..? नगर की सुरक्षा के नाम पर पुलिस द्वारा शहर में अनेक जगहों पर केमरे तो स्थापित किये गये है। मगर वह केमरे पुलिस के लिये थाने में बैठकर गर्म समोसे व मुगोड़ी निकलते हुये दिखने के लिये ही उपयोग में आते हुये दिखाई दे रहे है..? इस नगर में लगातार बढ़ रही आवारा गर्दी को लेकर पुलिस की चुप्पी लोगों का पुलिस के प्रति अपना विश्वास समाप्त करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो इस प्रकार से मनचलों की हरकतों से जिस तरह छात्राओं को परेशान होना पड़ रहा है, उसको लेकर अभिभावक और स्थानीयजन भी चिंतित होने लगे है। इस संबंध में हरिभूमि टीम चर्चा करते हुये लोगों ने बताया कि कतिपय युवा शासकीय चिकित्सालय वाले मार्ग से लेकर पानी टंकी या फिर छात्राओं के निजी व शासकीय स्कूलो को पास सहित अन्य स्थलों पर मड़राते हुए आसानी से देखे जा सकते है, जो शिक्षण संस्थाओं में न पढ़नें के बावजूद भी यह मनचले शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास मॅडरातें हुये छात्राओं को परेशान करने से नही चूक रहे है। इस तरह मनचलों की हरकतों के चलते अभिभावकों सहित नगर के लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन से इस प्रकार से आवारा गर्दी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करने की गुहार लगाई जा रही है।

## पलोटन गंज में डंपर ने मचाया कोहराम, बिजली खम्बे को क्षति पहुंचाते हुये तीसरे आंख को भी कर दिया बंद




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था की सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि जहां वाइकर्सो का आंतक दिखाई देना आम बात हो चुकी है। वही शहर में प्रवेश करने वाले भारी भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी का हाल यह बना हुआ है कि वह शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने में भी कोई कसर नही छोड़ रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के पुलिस थाने से चंद कदम दूर पलोटन गंज में एक डम्फर का कोहराम इस तरह देखने मिला कि उसने बिजली खम्बे में टक्कर मारते हुये जहां उसे तिरछा कर दिया गया। इतना ही नही हाल मे पुलिस द्वारा नगर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये इस खम्बे से लगवाये गये लाखों कीमत के केमरों को भी क्षति पहुंचने से नही चूक पाई है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब पुलिस थाने से चंद कदम दूरी पर इस तरह वाहन चालको द्वारा मचाये ताने वाले ताडंव पर अंकुश लगाने में सफल नही हो पा रही है तो नगर के अन्य भागों में यातायात में सुधार की कल्पना करना कैसे संभव हो सकता है इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है...?

## शासन पंचायतों में पति राज खत्म करने को लेकर दिये गये आदेश के बाद भी दिखाई नही पड़ रहा है कोई बदलाव, आज भी ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों में निर्वाचित पत्नियों की कुर्सी पर जलवा दिखा रहे पतिदेव?



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

जहां एक ओर देखा जा रहा है कि संविधान में महिलाओं को आरक्षण देते हुए उन्हें अग्रसर किया जा रहा है तो दूसरी ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा महिला शक्ति को सम्मान देने के लिये उन्हें आगे लाया जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये कुछ साल पहले प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर निर्वाचित हुये महिला जनप्रतिनिधियों के कुर्सी पर उनके पतियों या फिर परिवार के सदस्याओ को हस्ताक्षेप किये जाने पर सख्ती से रोक लगाने के लिये जिला कलेक्टरों को कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थे। मगर इस आदेश को जारी हुई सालों का समय बीत जाने के बाद भी किसी तरह का बदलाव दिखाई नही पड़ रहा है और ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों में निर्वाचित हुई महिलाओं की कुर्सियों पर आज भी उनके पतिदेवों द्वारा जलवा दिखाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। अक्सर देखा जाता है कि जिन क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़ने का प्रसास करती है उन क्षेत्रों में उनके पतियों द्वारा उनकी कुर्सी पर कब्जा करते हुए उन्हें पीछे की ओर करने में कोई कसर नही छोड़ते है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो पंचायती राज व्यवस्था से लेकर नगर पालिकाओं पर सरपंच पतियों से लेकर पार्षद पतियों का ही बोलबाला देखने मिलता है। प्रमुख रूप से गौर किया जावे तो पंचायती राज में तो महिला सरपंच या जनपद सदस्य हो या फिर नगरीय निकायों में पार्षद वह मात्र नाम की ही होती है बोलबाला तो उनके पतियों का ही रहता है..? इस बात की सच्चाई आज भी पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों में आसानी से देखने मिल रही है। यहां तक की सरपंच पतियों द्वारा अपने आप को सरपंच, जनपद सदस्या या फिर जिला पंचयात सदस्य प्रतिनिधि बताने या फिर अपने वाहनों में लिखने से भी नही चूकते है..? जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि निर्वाचित प्रतिधिनियों के प्रतिनिधि होने का कालम विधायक तक हो होता है। विधायक के नीचे प्रतिनिधि का कालम होता ही नही है? मगर इसके बाद भी सरपंच पति अपने आप को सरपंच प्रतिनिधि मानते हुए पंचायतों की कार्यवाही में सबसे आगे देखे जाते है। इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से लेकर नपा कार्यालयों से लेकर जनपद व ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल रही है। यहां पर सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि महिला जनप्रतिनिधियो के पतिदेव इन संस्थाओं के कार्यो में दखलन दाजी का प्रयास तो करते हुये देखे ही जाते है साथ ही कभी कभार इन जिम्मेदार मानी जानी वाली संस्थाओं की बैठकों में भी तशरीफ लाने से भी नही चूकते है? किंतु महिला जनप्रतिनिधियों के पतियों की मनमानी पर अंकुश लगाने के उद्वेश्य से शासन द्वारा इनकी दखन दाजी पर अंकुश लगाने के लिये आदेश जारी करते हुये जिला कलेक्टरों को कार्यवाही की बात कही गई थी। मगर पूर्व की भांति यह आदेश आज भी रद्दी की टोकरी में दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है जिन जगहों से महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुई है वहां पर उनके पतिदेव जलवा दिखा रहे है। क्योंकि इस तरह चुने हुए महिला जनप्रतिनिधियों के साथ उनके सम्बंधियो के बैठकों में शामिल होने पर रोक लगाने के आदेश जारी किये गये थें जिसमें प्रमुख रूप से गौर किया जावे तो स्वायत्तशायी संस्थाओं में महिला जनप्रतिनिधियों के सम्बंधियो के हस्तक्षेप को अनुचित बताते हुए शासन द्वारा लिए गये उक्त निर्णय की लोगों द्वारा सराहना की गई थी और इस निर्णय का पालन करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के आलवा जिला स्तर के अधिकारियों को जिम्मा भी सौपा गया था कि इस निर्णय का कठोरता के साथ पालन होना चाहिए। शुरूआती तौर में तो इस निर्णय के पालन को लेकर जिला स्तर के अधिकारी कुछ सक्रिय नजर आते हुये देखे जा रहे थें। मगर इस निर्णय को लम्बा समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जहां की तहां नजर आ रही है? क्योंकि इस निर्णय की ओर न तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही इसका पालन हो रहा है? और आज भी अनेक जगहों पर महिला जनप्रतिनिधियों के पतियों द्वारा अपनी पत्नी की कुर्सियों पर जलबे दिखाते हुए आसानी से देखा जा रहा है। इस प्रकार की स्थिति के चलते जहां महिला आरक्षण नियम पर तो प्रश्न लग रही रहा है तो वही दूसरी ओर सरकार की मंशा अनुसार महिलाओं को मिले हुये अधिकारी व स्वतंत्रता का भी हनन भी होने से नही बच पा रहा है। इस सच्चाई के चलते जहां अनेक जगहों पर निर्वाचित हुई महिला जनप्रतिनिधि मात्र चौका चूल्हा तक की सीमित होकर रह गई है?

# निर्मल ग्राम पंचायत सहावन की सड़कों पर फैल रही कीचड़ दिला रही सावन भादो की याद...



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

वैसे भी देखा जावे तो पंचायतों के विकास को लेकर सरकार द्वारा कोई कसर नही छोड़ी जा रही है जिसका परिणाम है कि अनेक ग्राम पंचातयों की सूरत बदलने के चलते वह शहरों की भांति दिखाई देने से नही चूक रही है। क्योंकि उन पंचायतों में बैठे हुये जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने पंचातयों के विकास को लेकर पूर्ण निष्ठा का भाव दिखाते हुये ग्राम विकास पर ज्यादा ध्यान देने में पीछे नही है। मगर कुछ पंचायतों का हाल इस तरह बना हुआ है कि ग्राम विकास के नाम पर हर साल लाखों रूपया खर्च किये जाने के बाद भी पंचायतों को सूरत बद से बत्तर होते हुये देखी जा रही है। इस तरह पंचायतों में हर साल सरकार द्वारा लाखों रूपया पंचायत विकास के नाम पर खर्च किये जा रहे है। वही जिन पंचायतों को निर्मल ग्राम पंचायत के रूप में घोषित किया गया है तो वहां पर सड़को से लेकर गांव के साफ सफाई के नाम पर मानों सरकार द्वारा अपना खजाना ही लूटये जाने के बाद भी इन निर्मल ग्राम पंचायतों की सूरत वर्षो पूर्व जैसी बनी रहने से सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सहावन में देखने मिल रही है। कहने के लिये तो इस पंचायत को निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा मिला हुआ है। मगर पंचायत के अंदर गांव की सड़को पर फैल रही गंदगी जहां चल रहे अगहन माह में सावन भादों महिना की यादों को ताजा करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के नाम पर हर साल लाखों रूपया खर्च करते हुये चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी इस पंचायत में फैल रही गंदगी ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? इस तरह निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा प्राप्त इस पंचायत के विकास कार्यो का गाथा जहां गांव की सड़के खुद ही बताने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही दूसरी ओर जब गांव के लोगों को यहां की सड़को से निकलना होता है तो उन्हें आज भी अपने पजामा को घुटनों के ऊपर तक करने की मजबूरी बन चुकी है। हालत यह बने है कि स्कूली बच्चें अपनी संस्थाओं तक नही पहुंच पा रहे है तो दूसरी ओर गांव की सड़को पर फैली रही गंदगी के चलते अनेक प्रकार के मच्छर जन्म लेते हुये बीमारियों में इजाफा करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर हैरत की बात है कि आये दिन इस पंचायत में जरूरी कार्यो के चलते ब्लाक स्तर से लेकर तहसील तथा जिला स्तर के अधिकारियों का आना जाना होता रहता है। मगर इसके बाद भी पंचायत में सरकारी धन राशि को खर्च करते हुये किये जा रहे विकास कार्यो की सच्चाई की ओर ध्यान देने की किसी अधिकारी द्वारा जरूरत नही समझी जा रही है।



## राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति हेतु चयन परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। क्षेत्र के शासकीय/ शासकीय अनुदान प्राप्त /स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में सत्र 2024-25 में कक्षा 8वीं में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन आज 1 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 10:45 बजे से क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली विकास खंडों के परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु साईंखेड़ा ब्लॉक के लिए शासकीय कन्या उ मा विद्यालय गाडरवारा में 255 तथा नगर के बीटीआई स्कूल मे 221 एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 169 तथा चीचली ब्लॉक के लिए बनाए गए उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 375, शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 216 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव के केंद्र पर 223 छात्र छात्राएँ परीक्षा देंगे। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा में चयन उपरांत पात्र विद्यार्थियों को 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन पहले ही भरवाए जा चुके है । उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सुबह 10:45 बजे से 12:30 तक मानसिक योग्यता परीक्षण एवं 12:30 बजे से 2:15 बजे तक शैक्षिक योग्यता परीक्षण के प्रश्नपत्र छात्र छात्राएँ हल करेंगे। बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, नीलम मरावी , बीआरसी डी के पटैल एवं संदीप स्थापक ने परीक्षा के लिए छात्र छात्राओं से उपस्थिति अपेक्षा जताई गई है।



## छात्राओं ने संभाग स्तर पर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज/चीचली। संभाग स्तर पर जबलपुर मे आयोजित विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता अंतर्गत स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली की छात्राओं श्रेया शुक्ला, स्वाती ताम्रकार, खुशी विश्वकर्मा, हर्षिता चौरसिया ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोक संगीत विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, भारत ताम्रकार, सत्यम ताम्रकार, हेमंत शुक्ला, केआर रजक सहित सभी शाला परिवार ने प्रसन्नता जताई है । इन छात्राओं ने शिक्षक विनीत नामदेव, रजनी सराठे, सुलेखा शर्मा के मार्गदर्शन में यह स्थान प्राप्त किया। अब यह चयनित छात्राएं राज्य स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।



## खबर संक्षेप

### अमरकंटक स्थित मैकल पार्क का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शुक्रवार को अमरकंटक के मैकल पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैकल पार्क में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु एडवेंचर गतिविधियों के संबंध मे निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

### व्यायाम शाला के लिए ट्रेडमिल की मांग पर विद्यालय को दी सहमति

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्य डॉ एसके राय एवं वरिष्ठ शिक्षक डॉ ए के शुक्ला द्वारा पुष्पराजगढ़ विधान सभा के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को से एक औपचारिक मुलाकात कर अमरकंटक के विश्राम गृह में सौजन्य भेंट कर विद्यालय हित में व्यायाम शाला हेतु ट्रेडमिल की मांग की गई। इस हेतु उन्हे पत्र भी सौंपा गया। जिसमे विधायक द्वारा स्वीकार कर विद्यालय परिवार को शुभाशीष प्रदान किया। पुष्पराजगढ़ विधायक जी द्वारा आश्वासन देते हुए कहा गया कि वे छात्र हित में निरंतर विद्यालय परिवार को सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय प्राचार्य द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया साथ ही विधायक जी को विद्यालय मे प्रस्तावित स्काउट गाइड शिविर के शुभारंभ समारोह में आमंत्रित भी किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक द्वारा विधायक को अपना बहुमूल्य समय, सानिध्य तथा सहयोग देने हेतु आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उईके, संतोष पाण्डेय, जोहन लाल चंद्रवंशी, वीरू तंबोली, चुन्नू जैन उपस्थित रहे।

### जंगली सुअर के शिकार के फरार आरोपी को वन विभाग ने किया गिरफ्तार

**अनूपपुर।** वन परिक्षेत्र जैतहरी के खोड़री अंतर्गत सुलखारी गांव में एक साल पहले करंट लगाकर जंगली सूअर के शिकार का एक आरोपी जो निरंतर फरार चल रहा था की जानकारी मुखबिर के द्वारा दिए जाने पर वनविभाग के कर्मचारियों द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए जाने पर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया। इस संबंध में परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर ज्ञानचंद सिंह नागेश ने बताया कि विगत वर्ष 26 अक्टूबर 2023 को वन परिक्षेत्र जैतहरी के खोडरी बीट अंतर्गत सुलखारी गांव में बिजली से तार बिछा कर करंट लगाकर एक जंगली सूअर का शिकार किया गया जिस पर वनविभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया रहा किंतु घटना में संलिप्त एक आरोपी गुड्डू पिता रामजीत कोल 32 वर्ष निवासी मरनीटोला सुलखारी एक वर्ष निरंतर फरार चल रहा था जिसकी तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर 32 वर्षीय गुड्डू कोल को विगत दिनों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 8 प्रकरण कायम

# शराब ठेकेदार के पालने में झूल रहा आबकारी महकमा, अवैध शराब पकड़ने के नाम पर गरीबों पर सितम

*डिंडौरी जिले में आबकारी विभाग अंग्रेजी शराब के अधिकृत ठेकेदारों के पालने में झूल रहा है,जिले के गाँव गाँव के कोने कौने में, चाहे किराना दुकान हो या पान ठेला... यहाँ तक चाय के तर्ज पर जगह जगह अवैध अंग्रेजी शराब धड़ल्ले से विक्रय कराया जा रहा है, अधिकृत अंग्रेजी शराब ठेकेदार गुर्गे दिनरात धड़ल्ले से जिला मुख्यालय सहित गांव गांव में अवैध शराब की खेप पहुंचा रहे हैं लेकिन अवैध शराब विक्रय पर अंकुश लगाने के नाम पर डिंडौरी जिले का आबकारी विभाग गरीबों को निशाना बनाते हुए महज एक लीटर और 5 लीटर शराब जप्त कर वाहवाही लूटने में मस्त है।*

डिंडौरी

आदिवासी बहुल डिंडौरी जिले में अवैध शराब पकड़ने के नाम पर आबकारी विभाग का गरीबों पर सितम जारी है, 29 नवम्बर को कलेक्टर के निर्देश पर अवैध शराब विक्रेताओं के विरुध्द की गई कार्रवाई महज मजाक बन गई जिसको लेकर जिला मुख्यालय के गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है, जन चर्चा है कि आबकारी अमला भले ही पगार मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त कर रहा है लेकिन ड्यूटी में पुरी ईमानदारी और निष्ठा अंग्रेजी शराब के अधिकृत ठेकेदारों के प्रति निभा रहे हैं। एक तरफ आदिवासियों को परंपरा एवं संस्कृति के नाम पर 5 लीटर देशी शराब घर में रखने का



कानूनी अधिकार है वही आबकारी विभाग 1 ,2,3 लीटर देशी शराब पकड़ कर जप्त करने और प्रकरण बनाकर वाहवाही लूटने में मस्त है।

### वाहवाही लूटने गरीबों को निशाना बना रहा आबकारी विभाग

जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु 29 नवंबर 2024 को आबकारी विभाग वृत्त बजाग और डिंडोरी में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाही की गई। जिसमे आरोपी राम भगत पिता अमरू लाल ग्राम पिंडरूखी से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, समनी बाई पति स्व श्री भद्दूलाल ग्राम पिंडरूखी से 01 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, अशोक पिता कुवंरसिह ग्राम बछरगांव से 3 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, तीजा बाई पति सुरेश ग्राम नदियां टोला करौंदा से 2 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, संतोष पिता मोहन ग्राम नदियां टोला करौंदा से 3 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, अधारी पिता धनीराम साकिन मडियारास से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, राजू पिता शोभित साकिन मडियारास थाना से 4 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, श्यामकली बाई पति शिवराम साकिन कूड़ा से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद किया गया।इस प्रकार पंजीबद्ध कुल 8 प्रकरण में जप्त कुल 28 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त हुई जिसकी अनुमानित कीमत 5600ध- रुपए है। उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) ष तहत पंजीबद्ध किया गया है।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के मार्गदर्शन में**

# भाजपा संगठन पर्व की जिला कार्यशाला सम्पन्न

डिण्डौरी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार, संभागीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, व जिला प्रभारी गिरीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिला डिण्डौरी की कार्यशाला सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाण्डेय, सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे, जिला सह निर्वाचन अधिकारी संजय साहू, जयसिंह मरावी, मुख्यरूप से मौजूद रहें। कार्यशाला के पूर्व सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला प्रांरभ की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यशाला मे वृत रखते हुए बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों की समिति का गठन 100 प्रतिशत हो चुका है जो कि प्रदेश स्तर पर डिण्डौरी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिले से सक्रिय सदस्यता पूर्ण हो चुकी है जिसमें जिले से 750 सक्रिय सदस्य बन चुके है। हमारे पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने इस बूथ के गठन में अथक मेहनत किये है सभी का भाजपा डिण्डौरी की ओर से आत्मीय आभार। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि संगठन पर्व एक प्रक्रिया है जिसमें हमारे सभी कार्यकर्ताओं को नवीन जिम्मेदारी दिया जाता है हम सभी उस ग्राम व उस मतदान केन्द्र से निकलकर आते है जहॉ हमारे जैसे कई कार्यकर्ता होते है लेकिन दायित्व किसी एक को मिलता है हमारी जिम्मेदारी है कि उस दायित्व को शत प्रतिशत ईमानदारी व पार्टी के निष्ठा के साथ निभाऐं। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व विधायक




ओमप्रकाश धुर्वे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जिन मंडलों में अभी 50 प्रतिषत से कम बूथ समिति का गठन हुआ है, वहां प्राथमिकता से अभियान लेकर मंडल संगठन पर्व के पूर्व पूर्ण करना है। बूथ समिति में बूथ अध्यक्ष के साथ ही 11 सदस्यों का पंजीकरण करना अनिवार्य है। तदनुसार तीन महिला कार्यकर्ता भी बूथ समिति में आवष्यक रूप से सदस्य बन जायें। जिला सह निर्वाचन अधिकारी संजय साहू ने कहा कि बूथ समिति गठन का कार्य जिन बूथों पर नहीं हुआ है, उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करना है। और उसके बाद हमें उन सदस्यों को सत्यापन करना है। कार्यशाला के अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि सक्रिय सदस्यता का अंतिम प्रकाषन किया जा चुका है, तदनुसार सक्रिय सदस्यता के लिए मिली पुस्तिकाएं, भरी, खाली पुस्तिकाओं का हिसाब-किताब जिला कार्यालय पर जमा हो और जिला के माध्यम से प्रदेष कार्यालय पहुंचे। जिन कार्यकर्ताओं की सक्रिय सदस्यता को लेकर षिकायतध्आपत्ति है, उनके समाधान जिलाध्प्रदेष से होकर निराकरण करना है। सक्रिय सदस्यता के संबंध में अपने जिले की व्यवस्था के संबंध में प्रदेष समिति से पूछकर इस अभियान को समाप्त करना है। सक्रिय सदस्यता का पूर्ण विवरण और फॉर्म में दी गई जानकारी सरल पोर्टल पर अपलोड करना है। उक्त बैठक का संचालन जिला महामंत्री व जिला सह निर्वाचन अधिकारी जयसिंह मरावी व आभार जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## मानिकपुर में ऑनलाइन ऑफलाइन सट्टे का बाजार, नाबालिग बच्चे भी चपेट में

लोगो के घर हो रहे बर्बाद ,अन्य व्यवसाय का आड़ ले खिला रहे सट्टा



**शहपुरा**- मानिकपुर क्षेत्र में इन दिनों ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का बाजार जोर पकड़ रहा है। सट्टा कारोबारियों ने अन्य व्यापार की आड़ में अवैध गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा दिया है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में एक व्यापारी सादी विवाह के व्यापार की आड़ में सट्टेबाजी का संचालन कर रहा है इन गतिविधियों के चलते न केवल स्थानीय युवक बल्कि नाबालिग बच्चे भी इस अवैध कारोबार की चपेट में आ रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि सट्टेबाजी के कारण कई परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं। बच्चों के भविष्य पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बावजूद इसके, पुलिस की उदासीनता ने क्षेत्रवासियों को निराश किया है।

लोगों का आरोप है कि पुलिस इन गतिविधियों को अनदेखा कर रही है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है।क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से सट्टेबाजी पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे पर जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

# सी.सी.एल.ई के तहत मॉडल स्कूल अमरपुर में कार्यक्रम आयोजित



अमरपुर

सी.सी.एल.ई कार्यक्रम के तहत नवंबर माह के अंतिम शनिवार को शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल अमरपुर को क्राफ्ट ध्पेपर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालयीन छात्रध्छात्राओं के द्वारा प्रथम दल रानी अहिल्या बाई के छात्रों के द्वारा भारत माता का मॉडल तथा द्वितीय दल रानी दुर्गावती के द्वारा वृक्षारोपण के लिए जागरूक करने के लिए मॉड्यूल तैयार किया गया। वहीं तृतीय दल मीराबाई के द्वारा इंडिया गेट का मॉड्यूल बनाया गया और इसमें प्रस्तुतिकरण करके इनके महत्व पर प्रकाश डाला गया। जिसमें विद्यालयीन शिक्षकध् शिक्षिकाएं जिसमें मुख्य रूप से उच्च. मा. शिक्षक रमेश कुमार धुर्वे द्वारा सभा का संचालन करते हुए वृक्षारोपण का महत्व और उनसे मिलने वाले लाभ और हानि आदि के बारे में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। तथा प्रत्येक वर्ष एक छात्र कम से कम 5 वृक्ष लगाएं यह बात छात्र छात्राओं को बताया गया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयीन शिक्षक उच्च. मा. शिक्षक शिक्षिकाएं रमेश कुमार धुर्वे, सुश्री रुकमणी खांडे, कु. वंदना नरते, सुश्री रोशनी मरकाम एवं हॉस्टल अधीक्षक श्रीमति उमा बर्मन, अतिथि शिक्षक सुरेश यादव, शुभम ठाकुर, श्रीमति रचना नामदेव, आनंद प्रकाश कटारिया आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। सी सी एल ई के तहत माह के प्रत्येक शनिवार को बच्चों के अंदर रचनात्मक कौशल का विकास हो इसके अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार उमंग और शनिवार को सी सी एल ई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष भर जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता हैं।

# कलेक्टर ने जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**डिंडोरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के समस्त जनपदों में प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया। जागरूकता रथ में वीडियो के माध्यम से समाज की कुरीतियों जैसे बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, महिलाओं के प्रति भेदभाव आदि की जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा ष्हम होंगे कामयाबष पखवाड़ा कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक संचालित है, जिसमें प्रतिदिन की गतिविधियां निर्धारित की गई हैं, आज कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रथ में वीडियो के माध्यम से कानूनी जागरूकता की जानकारी दी जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर ने बताया कि बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हो रही हिंसात्मक घटनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं सुरक्षा तंत्र के



साथ-साथ सूचना तंत्र मजबूत किया जाना आवश्यक है, इस हेतु जिले में चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाफ सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है, ताकि कोई महिला या बच्चे परेशानी में हो तो तत्काल इन हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से सहायता मांग सके। सहायता हेतु जिले में चाइल्डलाइन वन स्टॉप केंद्र संचालित है जो सूचना मिलने पर तत्काल रेस्क्यू का कार्य करते हैं, जहां वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को एक ही छत के नीचे पांच प्रकार की सुविधा देता है। वहीं चाइल्डलाइन पीड़ति बच्चे को रेस्क्यू कर उसकी सहायता के साथ-साथ न्याय हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करता है। बच्चों के साथ हो रही हिंसात्मक एवं लैंगिक घटनाओं को देखते हुए पोक्सो एक्ट का भी प्रचार किया जा रहा है, ताकि किसी बच्चे के साथ कोई लेंगे अपराध ना हो। यह प्रयास लगातार जारी है। शासन के द्वारा विभिन्न अभियानों के माध्यम से प्रचार प्रसार की गतिविधियों को और तीव्र किया जाता है। जिसका एक उदाहरण हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान पखवाड़ा है। कलेक्टर ने प्रचार प्रसार रथ से न केवल शहरी क्षेत्र, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि हाट बाजार मड़ई-मेले में रथ को भ्रमण जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगो को जानकारी प्राप्त हो और सभी जागरूक हो सकें।

# जैतहरी में अनूपपुर-वेंकटनगर मुख्य मार्ग में लगी स्ट्रीट लाइट

**अनूपपुर।** जिले के नगर परिषद् जैतहरी ने अपने सीमित संसाधन के बावजूद दृढ़ इच्छा शक्ति व विकास कार्यों का इतिहास रचने नित्य नए कार्यों को साकार करते हुए जैतहरी नगर को संभाग का उत्कृष्ट नगर बनाने संकल्पित है। जैतहरी नगर परिषद् के युवा अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने 29 नवम्बर को अनूपपुर-वेंकटनगर मुख्य मार्ग पर महानगर जैसा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कर जैतहरी की तस्वीर बदलने की कड़ी में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 29 नवम्बर को गौरव पथ में आयोजित सादे किन्तु गरिमामयी समारोह आयोजित कर अनूपपुर-वेंकटनगर मुख्य मार्ग में स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व विन्ध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद् श्रीमती सुनीता जैन, सभापति एवं पूर्व मण्डी अध्यक्ष कैलाश सिंह मरावी तथा अध्यक्षता उमंग अनिल गुप्ता ने किया। समारोह का संचालन विधायक प्रतिनिधि नरेश नापित ने किया। मुख्य



अतिथि अनिल कुमार गुप्ता ने कहा नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के साथ ही शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने भाजपा की परिषद ने डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम स्मार्ट क्लास एवं लायब्रेरी तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारम्भ कराकर प्रदेश के नगरीय निकायों में जैतहरी ने नया इतिहास रचा है। जैतहरी नगर की जनता व जनप्रतिनिधि का सम्मान म.प्र. की सरकार ने स्वच्छता ही सेवा है, पखवाडा में म.प्र. पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित कर जैतहरी नगर के साथ ही शहडोल संभाग को गौरान्वित किया है। नगर की जनता का आशीर्वाद ही नगर को सर्वोत्तम स्थान दिलाया है। श्रीमती सुनीता जैन ने अध्यक्ष उमंग गुप्ता की प्रशंसा करते हुए कहा नए विचार व नया संकल्प से ही विकास के अदभुत कार्य हो रहे है। अध्यक्ष उमंग गुप्ता ने कहा जनता का आशीर्वाद व मार्ग दर्शन से जैतहरी में पेयजल, स्वच्छता व स्ट्रीट लाइट के साथ ही नगर में कई ब्यूटी प्वाइंट, पार्क निर्माण, वेज-नानवेज चौपाटी, सड़कों का निर्माण स्मार्ट क्लास व लायब्रेरी सहित अनेक कार्य अल्प समय में मेरी परिषद ने किया है। समारोह में सिद्वार्थ सिंह (राजा), उत्तमचन्द गुप्ता, बद्रीनारायण गुप्ता, नाथूराम राठौर, दिनेश कोल, लाल प्रताप सिंह (लाला), महेन्द्र सोनी पूर्व पार्षद, अशोक राठौर पूर्व पार्षद, मो. जलील, प्रेमानंद द्विवेदी, हरीश देवानी, अनिल प्रजापति, मो. हुसैन बोहरा, अमर सिंह, मनीष गुप्ता (टाईल्स वाले), मनीष गुप्ता (मोबाईल), के.के. अग्रवाल, राहुल गुप्ता, सुनील गुप्ता, लाल बाबू अवस्थी, सुशील गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, शिव सराफ, लक्ष्मी गुप्ता, पुरूषोत्तम गुप्ता, संतोष अग्रवाल, संदीप गुप्ता, राजू कनकने, कुंजन वर्मा पूर्व पार्षद, मनोज ताम्रकार, राजा गुप्ता, मोहित मोटवानी, रामावतार राठौर, भरतलाल राठौर, पंकज पंजवानी (पत्रकार), हेतराम वर्मा (पत्रकार), नगर परिषद अधिकारी कर्मचारी के साथ नगर के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कल आयोजित जनसंपर्क अभियान में पुष्पराजगढ़ विधायक निभाएंगे सहभागिता

**अनूपपुर।** कांग्रेस कमेटी अमरकंटक द्वारा 2 दिसंबर को जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पराजगढ़ के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को शामिल होंगे। 2 दिसंबर को सुबह 9 बजे मा नर्मदा जी के उद्गम स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में कांग्रेस कमेटी अमरकंटक द्वारा जन संपर्क अभियान का आयोजन किया गया है। जिसमे पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। जन संपर्क के दौरान अमरकंटक के समस्त वार्डों में जाकर वार्डों की जनता जनार्दन से डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर जनता जनार्दन के जन समस्याओं को सुना जाएगा। अमरकंटक विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग एवं समस्त विभागों द्वारा चल रहे समस्त निर्माण कार्यों का विधायक द्वारा अवलोकन किया जाएगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, जल नल योजना, आवास योजना, सड़क निर्माण, परिक्रमा वासीयों के सुविधायो की व्यवस्था ये समस्त विषयों की ग्राउंड रिपोर्ट पर पहुंच कर जानकारी एकत्रित कि जाएगी।

# विद्या युवा मंच जैनम को मिला आर्यिका माँ का पड़गाहन

**वैराग्य मति माता समित चार आर्यिकाओ का एक चौके में कराया आहार**

डिंडोरी।

विद्या युवा मंच जैनम के युवाओं ने स्वयं अपने हाथ से सम्यक जैन के घर में चैका लगाकर स्वयं के हाथों से ही शुद्धि पूर्वक आहार बनाकर आर्यिका श्री वैराग्य माती माता सासंघ का नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराया। इसी के साथ प्रतिदिन मंदिर जाने का अहिंसा और शाकाहार का पालन करने का संकल्प सभी युवाओं ने लिया। नगर में आर्यिका रत्न द्रणमति माता की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका वैराग्य मति माता सासंघ का भव्य मंगल चातुर्मास बहुत ही भक्ति भाव के साथ हो रहा है। प्रातः सर्व प्रथम देवाधिदेव 1008 महावीर भगवान का अभिषेक एवम शान्तिधारा सभी युवाओं के द्वारा की गई।इसके पश्चात सभी श्रद्धालु जन श्री बड़े मंदिर जी से धर्म ध्वजा बेंड बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे।बड़े मंदिर में युवागण ने विधि पूर्वक आर्यिका संघ का पड़गाहन किया सभी युवा गण लाइन से अपने गुरु माँ को आहार देकर अपने को धन्य मान रहे थे।और छोटे छोटे नियम लेकर अपने जीवन को संयम के मार्ग पर अग्रसर किया।आहार उपरांत गुरु माँ ने सभी युवाओं को आशीर्वाद दिया।वैराग्य मति माता ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा ही धर्म ध्वजा और संस्कृति को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और संस्कृति से ही राष्ट्र निर्माण होता है।उन्होंने सकल जैन समाज की तारीफ करते हुए कहा



कि जैन समाज डिंडोरी बहुत ही भाग्यशाली और पुण्यशाली है जहां के युवाओं में धर्म के प्रति श्रद्धा और भक्ति है आहार चर्या के बाद गुरु माँ को बैंड बाजे के साथ जैन भवन लाया गया।

### ज्योति जैन ने किया युवाओं का अभिवादन

ज्योति संजीव जैन ने अपने संबोधन में कहा कि इस चातुर्मास अपरिहरकरणवस वे माता जी का चौका नहीं लगा पाई थी जिससे उनका मन व्यथित था परंतु आज विद्या युवा मंच जैनम के द्वारा हमारी जिज्ञासा को भाप कर हमारे पुण्य के सार्थी बन एक साथ चारो आर्यिकाओ का सासंघ पढ़गाहन कर हमारे निज निवास में आहार कराया उन्होंने पूरे परिवार की तरफ से कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए, तहें दिल से सभी युवा साथियों को धन्यवाद दिया की उनके माध्यम से उनको यह अनुकरणीय अनुभव प्राप्त हुआ और चातुर्मास के सुख का अनुभव एक दिन में दे दिया।

## खबर संक्षेप

### सेंट जोसेफ स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**गोटेगांव।** नगर के स्थानीय सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव में विगत दिवस शनिवार को श्रीधाम आई केयर के संचालक ऑप्टोमेट्रिस्ट संदीप चौधरी द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें उनके द्वारा 270 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया,जहां नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर ने दृष्टि दोष से पीड़ित छात्रों को चश्मा पहनने और नियमित रूप से जांच करने की सलाह दी। मोबाइल से होने वाले दुष्परिणाम से बचने के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। उचित आहार की सलाह दी गई ,जैसे गाजर ,पपीता ,हरी सब्जी ,विटामिन युक्त भोज पदार्थ,सलाद का उपयोग दैनिक रूप से करना,आंखें आपका ख्याल रखती हैं,आप उनका ख्याल रखिए।

### बगासपुर में जलापूर्ति की लाइन ना डलने से ग्रामीण सुविधा से वंचित

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगासपुर में पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन को बगासपुर में अभी तक नहीं बिछाया गया है। यह पाइप लाइन गोशाला स्थल पर लबे समय से यूं ही पड़ी हुई है। इस पेयजल लाइन को बिछाने की दिशा में संबंधित ठेकेदार का कार्य धीमा चल रहा है। जिसके कारण कुछ इलाके में रहवासियो को पेयजल आपूर्ति का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।बगासपुर ग्राम पंचायत बड़ी पंचायत होने के बाद भी यहां के रहवासी अत्यंत परेशान हैं। अपने उपयोग के लिए पेयजल इधर उधर से लाने के लिए मजबूर हो रहे हैं, घर-घर पेयजल सुविधा का लाभ अधिकांश गरीब रहवासियों को कब से प्राप्त होगा। इस संबंध में कोई भी जिमेदार अधिकारी कुछ भी बताने में असमर्थ नजर आ रहे है।

### राजस्व महाअभियान प्रकरणों का हो रहा निराकरण

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राजस्व महाअभियान के प्रथम चरण और द्वितीय चरण की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार राजस्व विभाग द्वारा राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 दिसम्बर 2024 तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को सुधारने का कार्य जिले में लगातार जारी है।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस निवासी के पास हुई सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकबर पिता नबी खां उम्र 42 वर्ष निवासी सिंगपुर थाना स्टेशनगंज निवारी के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव को मर्चुरी मे रखवा दिया। शव का परीक्षण आज कराया जावेगा।

### प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

# दिव्यांग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व विकलांग दिवस पर जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन डाइट परिसर नरसिंहपुर में किया गया। जिसमें कक्षा पहली से कक्षा 8 वीं तक के दिव्यांग विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 52 दिव्यांग विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। प्रतिभागियों द्वारा विविध प्रतियोगिता मे भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अपने हौसले को बुलंद करने की बात कही गई।

#### इन्होंने ने मारी बाजी

प्रतियोगिता में 25 मीटर दौड़ में शिवांश लोधी प्रथम किया। वहीं माध्यमिक विद्यालय के सौरभ यादव प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली में प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में जानकी धानक खमरिया ने प्रथम स्थान पर रही। कुर्सी दौड़ में ओम अहिरवार प्रथम व नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग से भानवती मेहरा डुडवारा प्रथम व माध्यमिक वर्ग में अनुज सराठे संजय माध्यमिक विद्यालय प्रथम, चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में आराध्या विश्वकर्मा लौकीपार प्रथम, माध्यमिक वर्ग में प्रिंस सराठे संजय माध्यमिक स्कूल प्रथम, बकेट द बाल प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में शुभ जैन हॉस्टल प्रथम व सांस्कृतिक प्रतियोगिता गायन में सूरज लोधी हॉस्टल प्रथम प्रथम, नृत्य में जमना लोधी सुखा टोला प्रथम, कहानी प्रतियोगिता में राहुल ठाकुर हॉस्टल प्रथम, साइन लैंग्वेज से कहानी प्रतियोगिता में आदर्श यादव हॉस्टल प्रथम स्थान पर रहे।

#### प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय से प्रतियोगिता में सहभागी दिव्यांग विद्यार्थियों को यात्रा परिवहन भत्ता दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और सभी छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों के लिए भोजन एवं जलपान की व्यवस्था की गई थी। प्रतियोगिता में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री ओपी राय, एपीसी अंजू शर्मा, बीएसी ब्रजेश नेमा, डॉ. अंजिता वर्मा, रश्मि पटवा, आरपी शर्मा सहित आयोजन समिति के समस्त कर्मचारी, शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे। प्रतियोगिता का संचालन जनशिक्षक आरपी शर्मा ने किया। यह प्रतियोगिता जिला समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।





#### करेली में आयोजित हुई प्रतियोगिता

विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय क.मा. शाला करेली बस्ती में सम्पन्न हुई। जनपद पंचायत करेली की अध्यक्ष सुश्री प्रतिज्ञा परिहार, पार्षद कैलाश रघुवंशी, पूर्व मंडी अध्यक्ष करेली संतोष रघुवंशी ने मां सरस्वती जी का पूजन- अर्चन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकला एवं रंगोली कर अवलोकन कर दिव्यांग बच्चों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नृत्य, गायन, कुर्सी व नींबू चम्मच दौड़ में बच्चों ने बढ़चढ़कर सहभागिता की। अतिथियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्वेटर पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। यह प्रतियोगिता विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रमेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस अवसर पर बीएसी एवं सी डब्ल्यू एस एन प्रभारी अजीत जाट, विकासखंड सह समन्वयक ब्रजेश पाराशर, जनशिक्षक और नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एनआरसी दुलीचंद नौरिया व आभार विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद वर्मा ने व्यक्त किया।

# क्षमतावान विचारवान संस्कारवान ही बने भाजपा का अध्यक्षः शर्मा




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भाजपा कार्यालय मे में चल रहे संगठन पर्व की जिला स्तरीय संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला भोपाल सांसद व जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता में पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, साधना स्थापक, भैयाराम पटैल, जिला सह निर्वाचन चुनाव अधिकारी ठाकुर राजीव सिंह की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यशाला दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण व भारत माता के पूजन के साथ प्रारंभ हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक शर्मा ने कहा कि आप सभी ने संगठन पर्व के दौरान पूर्ण मुस्तैदी से तय समय में संगठन का कार्य किया इस हेतु शीर्ष नेतृत्व की तरफ से आपका आभार प्रकट करता हू। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित व अनुशासन से बंधी पार्टी है। हमारे संगठन में अध्यक्षीय प्रणाली है जहां वार्ड अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की संगठनात्मक व्यवस्था है। बूथ में बूथ अध्यक्ष मंडल में मंडल अध्यक्ष व जिला में जिलाध्यक्ष ही हमारी ताकत है। क्षमतावान, विचारवान व संस्कारवान व्यक्ति ही मंडल अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष बनाना है ऐसी शीर्ष नेतृत्व की मंशा है। इंजी.अभिलाष मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आप सभी वर्तमान पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं के सामूहिक ताकत से हम अभी तक के सारे चुनाव जीते है इस हेतु सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। वर्तमान समय में संगठन पर्व के अंतर्गत चल रहे संगठनात्मक चुनाव में सभी कार्यकर्ता उत्साह के साथ सहभागिता दें। कार्यशाला की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा व आभार रमाकांत चैबे ने किया। इस अवसर पर जिला पर जिला पदाधिकारी गण, नगर पालिका, जनपद पंचायत व नगर परिषद के अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्ष गण, मोर्चा अध्यक्ष गण, मंडल पर्व सहयोगी सहित अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र स्टेशन गंज में एनएच 44 पर राजवंशम के ढाबे के सामने फायरिंग कर डराने वाले आरोपियों को 24 घंटे मे गिरफ्तार कर लिया गया। सिंधी कालोनी के रहने वाले सूरज यादव, राजा यादव, अभि, सानू नौरिया आये और सूरज यादव ने अपने पास रखी पिस्टल से उतावलेपन उपेक्षापूर्ण तरीके से आसमान तरफ हवाई फायर किया तथा जान से मारने की धमकी दिये। प्रार्थी सौरभ यादव की रिपोर्ट पर थाना स्टेशन गंज में अपराध क्रमांक 970/2024 धारा 125,3(5),351(2) बीएनएस कायम किया गया। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुये चारों आरोपी (1) सूरज पिता मुकेश यादव उम्र 25 साल (2) राजा उर्फ शाहिल यादव पिता मधु यादव उम्र 24 साल (3) अभि उर्फ अभिषेक कहार उम्र 24 साल (4) सानू उर्फ सुमित नौरिया पिता शंकर लाल नौरिया उम्र 28 साल सभी निवासी सिंधी कालोनी नरसिंहपुर को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी सूरज यादव के कब्जे से 01 पिस्टल,01 खाली खोखा,01 जिंदा कारतूस बरामद कर जप्त किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक हिमलेन्द्र सिंह, सउनि. सतीश राजपूत, प्र. आरक्षक 31 आशीष मिश्रा, आरक्षक 357 संजय पाण्डेय, आरक्षक 522 लक्ष्मी नागपुरे, आरक्षक 347 पूरन मेहरा, सैनिक- मनीष पारासर, राजेन्द्र सिंह राजपूत की मुख्य भूमिका रही है।





### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस विभाग में कार्यरत प्रधान आरक्षक बृजभूषण शर्मा को को फूल माला पहना कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त श्री शर्मा को पुलिस अधीक्षक, श्रीमती मृगाखी डेका द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके साथ ही उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फूल माला पहना कर विदाई दी। समारोह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका एवं श्री शर्मा के परिजनों द्वारा सेवा उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु व स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामनाएं की गईं।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम जन शिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा विद्यार्थियों के लिए असिस्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह व आई. क्यू. ए. सी. के निर्देशन एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रभृत्ति सेन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर के रूप में जन शिक्षण संस्थान से कु. वंदना पटेल ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण की अवधि में विद्यार्थियों को कंप्यूटर बेसिक, ऑपरेटिंग सिस्टम, वर्ड प्रोसेसिंग, एक्सेल, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, इंटरनेट, सर्च इंजन, ई-मेल तैयार करना आदि मॉड्यूल का सैद्धांतिक व प्रायोगिक जानकारी प्राप्त किया। अंतिम दिवस प्रशिक्षणार्थियों का प्रश्न पत्र के माध्यम से मूल्यांकन किया गया। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जायेगें। इस कार्यक्रम से स्नातक स्तर के 35 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में प्रकोष्ठ सदस्यों श्रीमती शिल्पी तिवारी, श्रीमती दीप्ति नेमा तथा कु. पूर्णिमा पटेल का विशेष योगदान रहा।



### रेत व्यापार के संदेह में अज्ञात लोगों ने की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस शुगर मिल से लौट कर आ रहे दो लोगों पर अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट कर दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दादा महाराज के पास शुगर मिल से लौट रहे दशरथ पिता राकेश रजक उम्र 20 वर्ष एवं कन्हैया पिता निजाम खान दो निवासी तिंदनी नयागांव थाना ठेमी को रोक कर मारपीट शुरू कर दिया गया। वही दशरथ को काफी चोटें आई जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है। कन्हैया लाल द्वारा बताया गया कि गाड़ी रोककर पूछा के रेत से भरा टैंक्टर कहां है और मारपीट की गई। घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है।

### मारपीट के आरोपियों को कारावास

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा मारपीट करने के प्रकरण में आरोपी उमेश चंदौरिया, नीलेश चंदौरिया, योगेश चांदौरिया सभी आरोपीगण निवासी किसानी मोहल्ला गांधी वार्ड, थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को दोष सिद्ध पाते हुए भा.द.वि. की धारा 323 में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 500 रुपये का अर्थदण्ड तथा धारा 325 भा.दं.सं. में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, दिलाई शपथ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार हम होंगे कामयाब अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले की सभी विकास खंडों में स्कूली छात्र- छात्राओं के मध्य कानूनी जागरूकता के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट 2012, गुड टच एवं बेट टच, किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल अधिकार, पीसी एवं पीएनडीटी एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न प्रतिषेध निवारण प्रतितोष अधिनियम 2013 आदि के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा पीएम श्री महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, नेहरू हाई स्कूल एवं सीएम राईज कन्या शाला विद्यालय में बच्चों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की। प्रतियोगिता के साथ- साथ बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे, सोशल वर्कर प्रवीण डेहरिया, काउंसलर श्रीमती अंजिता श्रीवास्तव, केसवर्कर श्रीमती राधा साहू, कु. माधुरी जाटव एवं अमित उमरे मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि हम होंगे कामयाब अभियान के तहत 25 नवम्बर से प्रत्येक दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जो 10 दिसंबर तक आयोजित की जायेंगी। इसी क्रम में 2 दिसंबर को पीसी एवं पीएनडीटी एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

# विश्व एड्स दिवस पर रंगोली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** एक दिसम्बर विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर संत मौनी महिला महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस के संबंध में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। एड्स के बारे में जन जागरण किया जा रहा है। वहीं इन गतिविधियों के माध्यम से पोस्टर रंगोली निबंध प्रतियोगिता जन जागरूकता रैली भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।इन गतिविधियों में एड्स के कारण लक्षण दुष्परिणाम और बचाव की सावधानियां के संबंध में छात्राओं द्वारा समाज को जागरूक किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया 28 नबम्वर को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तबस्सुम बानो ने प्रथम निशा जाटव ने द्वितीय प्रियांशी पटेल और वैशाली पटेल तृतीय स्थान प्राप्त किया ।अन्य छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिये गये ।इसी तारतम्य में 30नबम्वर को रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका साहू ने प्रथम स्थान आराधना कुशवाहा द्वितीय प्रियांशी पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।साक्षी लोधी अन्य छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे ।इन प्रतियोगिताओं में संस्था के प्रबंध निदेशक संस्था की प्राचार्य समिति के सदस्यों का कुशल मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अरुणा जैन के द्वारा सभी गतिविधियों का संचालन किया गया इन गतिविधियों में महाविद्यालय की समस्त स्टाफ और छात्राओं की सहभागिता रही।



# ग्राम सर्रा के हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**गोटेगांव।** विकासखंड के ग्राम सर्रा में ₹हम होंगे कामयाब₹ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी रश्मि बोहरे एवं सब इंस्पेक्टर जयवती कुडोपे ने बच्चों को उनके अधिकार पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट,बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन नम्बर 181, चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, साईबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानियां, नशे से दूर रहने, कैरियर, स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को नशा मुक्त भारत एवं बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई, वहीं बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है एवं कानून का उल्लंघन है, इस अवसर पर श्रीमती अल्का जैन, शाला प्राचार्य उईके व ग्रामवासी उपस्थित रहे।